हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 फरवरी 2026

08 संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज जयंती पर...



09 बजट को लेकर किसी ने आम जन की उपेक्षा का बजट बताया तो किसी ने...






## समाचार संक्षेप

### डिगडोली में जनजातीय सम्मेलन आयोजित

**गुना** । राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य की अध्यक्षता में बमोरी के ग्राम डिगडोली में जनजातीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आयोग द्वारा आदिवासी समाज की समस्याओं को सीधे संवाद के माध्यम से समझने और उनके समाधान के प्रयासों पर चर्चा की गई।श्री आर्य ने कहा कि आयोग पूरे देश



में भ्रमण कर जनजातीय समाज की वास्तविक समस्याओं को जान रहा है तथा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक लाभ वितरित किए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल जांच शिविर भी आयोजित किया गया।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्ति पर उपनिरीक्षक एवं सहायक उपनिरीक्षक को दी ससम्मान भावभीनी विदाई

**गुना।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले उपनिरीक्षक चंद्रप्रकाश दीक्षित एवं सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार शर्मा को गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा सम्मान



पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई । विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के साथ रक्षित निरीक्षक श्रीमती पूजा उपाध्याय, पीएस टू एसपी निरीक्षक अनिल साहू, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, मुख्य लिपिक सउनि(अ) अमित मौर्य आदि अधिकारियों सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण व स्टाफ मौजूद रहा । इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के उत्कृष्ट, कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जिम्मेदाराना सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं गईं । इसी क्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का पुष्प मालाओं एवं पुष्प गुच्छ के साथ सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक श्री सोनी द्वारा उन्हें अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न (शील्ड) भेंट कर सम्मानित किया गया ।

### केंट थाना पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में जारी दो वारंटों में फरार वारंटी किया गिरफ्तार

**गुना** । केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा अलग-अलग प्रकरणों में जारी दो वारंटों में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है । वर्ष 2022 में आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ मुर्गा पुत्र तोरन सिंह लोधा, निवासी ग्राम उमरिया, थाना केंट, गुना के विरुद्ध केंट थाने में अपराध क्रमांक 391/22 धारा 399, 400, 402 भादवि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुआ था । आरोपी धर्मेन्द्र लोधा के विरुद्ध केंट थाने में अपराध दर्ज प्रकरण में भी आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से फरार रहने पर माननीय न्यायालय द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 2489/22 में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था ।

### आज 13 स्थानों पर लगेंगे पंचायत स्तरीय शिविर,16 से कलस्टर स्तर पर

**श्योपुर**। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर शिविरो का आयोजन होने के बाद 16 फरवरी से कलस्टर स्तर के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, इसके उपरांत तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन होगा। पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरो के क्रम में 2 फरवरी को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दलारना कलां, मठेपुरा, अलापुरा, मकडावदा कलां, कुडायथा, छोटाखेडा एवं लाडपुरा में शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिरोंनी, खुरजान, उपचा एवं सुनवई में शिविर का आयोजन होगा। जबकि कराहल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिला एवं सुबकरा में शिविर लगाये जायेगे। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगे, शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है तथा ग्राम स्तरीय दल में पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस, आरएईओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को शामिल किया गया है। 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल के शिविर आयोजित होगे, इसके अंतर्गत 16 फरवरी को सोईकंला में, 17 फरवरी को बगवाज में, 18 फरवरी को रघुनाथपुर में, 19 फरवरी को दांतरदा कलां में, 20 फरवरी को आवदा में, 21 फरवरी को वीरपुर में, 23 फरवरी को अजापुरा में, 24 फरवरी को कराहल में, 25 फरवरी को अगरा में, 26 फरवरी को पाण्डोला में, 27 फरवरी को खिरखिरी में, 28 फरवरी को खितरपाल में, 02 मार्च को रतोदन में, 05 मार्च को गसवानी में, 06 मार्च को ललितपुरा में, 07 मार्च को गोहटा में, 09 मार्च को प्रेमसर में, 10 मार्च को टर्राकलां में तथा 11 मार्च को मानपुर में कलस्टर स्तर के शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित जनपदों के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अभियान के तहत विकासखण्ड स्तर पर भी शिविर का आयोजन होगा, 18 मार्च को जनपद पंचायत सभागार विजयपुर में, 24 मार्च को जनपद पंचायत सभागार श्योपुर में तथा 25 मार्च को जनपद पंचायत सभागार कराहल में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी रहेंगे।

## विजयवर्गीय समाज ने मनाई स्वामी श्री रामचरण महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विजयवर्गीय समाज, गुना द्वारा अपने आराध्य स्वामी श्री रामचरण महाराज की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं विजयवर्गीय सामुदायिक भवन भोपाल के ट्रस्टी राकेश विजयवर्गीय रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. श्याम सुंदर विजयवर्गीय उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ हुआ, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण एवं स्वल्पाहार का आयोजन किया गया।इसके बाद विजयवर्गीय महिला मंडल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें समाज की महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समाज के वरिष्ठजनों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मयंक विजयवर्गीय ने स्वामी श्री रामचरण जी महाराज के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।समाज के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ने स्वागत भाषण में कहा कि विजयवर्गीय समाज सदैव बौद्धिकता, कुशलता और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता रहा है, और आज के समय में संगठन की शक्ति को और मजबूत करने की आवश्यकता है।




विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. श्याम सुंदर विजयवर्गीय ने कहा कि स्वामी जी द्वारा स्थापित रामस्नेही संप्रदाय का मूल मंत्र प्रेम, दया और करुणा है, जिसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

मुख्य अतिथि राकेश विजयवर्गीय ने युवाओं से स्वामी जी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में भोपाल से पधारे अतिथियों का सम्मान किया गया, वहीं समाज के लिए विशेष योगदान हेतु उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आभा विजयवर्गीय एवं श्रीमती शुभिका विजयवर्गीय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता विजयवर्गीय ने किया।समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, महिला मंडल की सदस्याएं एवं सैकड़ों विजयवर्गीय परिवारजन उपस्थित रहे।


### अशोक ध्यानचंद करेंगे शुभारंभ, शहरों व प्रदेशों की 18 टीमें भाग लेंगी

## 38वीं श्री लाल बहादुर शास्त्री स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

लंबे अंतराल के बाद आखिरकार कल से गुना के संजय स्टेडियम में 38 वी अखिल भारतीय स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है। संजय स्टेडियम में टूर्नामेंट को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगरपालिका गुना द्वारा आयोजित हाकी का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 2 फरवरी को शुरू होकर 8 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान हाकी का रोमांच चरम पर रहेगा।

प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग शहरों व प्रदेशों की 18 टीमें भाग लेंगी। कल सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह एवं ध्वजारोहण दोपहर 1.30 बजे आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद होंगे। अशोक ध्यानचंद हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र हैं और अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपना जलवा बिखेर चुके हैं ।उन्हें मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त है।



### गुना में लाल बहादुर शास्त्री टूर्नामेंट खेलने के बाद विश्व विजेता टीम के सदस्य वने अशोक

अशोक कुमार का जन्म 1 जून 1950 मेरठ, उत्तर प्रदेश में हुआ वह भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। वह भारतीय हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के बेटे हैं। उन्हें भारत सरकार ने 1974 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। अशोक ने तीन विश्व कप खेले, वह 1975 के विश्व कप जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। इसके पहले वे गुना में लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट खेल चुके थे।उन्होंने पहला वर्ल्ड कप 1971 में खेला जिसमें भारतीय टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया उसके बाद 1973 के विश्व कप की रजत पदक विजेता टीम के भी सदस्य रहे।

अशोक ने दो बार ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, पहली बार 1972 में म्यूनिख में भारत ने कांस्य पदक प्राप्त किया और फिर 1976 में मॉन्ट्रियल में भारत सातवें स्थान पर रहा।

अशोक कुमार भारत के लिए तीन एशियाई खेलों (1970, 1974 और 1978) के हिस्सा भी रहे और तीनों में ही भारत ने रजत पदक प्राप्त किया।

### विशिष्ट अतिथि होंगे विधायक, नपाध्यक्ष करेंगी अध्यक्षता

आयोजन के शुभारंभ अवसर पर विशिष्ट अतिथि गुना विधायक पन्नालाल शाक्य रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा की जाएगी।

### ये टीमें होंगी प्रतियोगिता में शामिल

शास्त्री स्वर्ण कप हाकी प्रतियोगिता में इंडियन बैंक चेन्नई, एनसीआर नार्थ सेंट्रल रेलवे, प्रयागराज यूपी, एफसीआई मुंबई रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, भिवानी हास्टल हरियाणा, एससीईआर रेलवे बिलासपुर, स्पोर्ट्स हास्टल बिलासपुर, एफसी आई मुंबई, गुजरात इलेवन, वेस्ट सेंट्रल रेलवे कोटा, सेफई हास्टल इटावा, रेलवे बायज भुसावल महाराष्ट्र, एक्जिटल हाकी कोच्चि केरला, स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ, जिला हाकी संघ ग्वालियर, मंदसौर हाकी, अवंतिका उज्जैन, सागर, सिवनी मध्यप्रदेश एवं गुना नगरपालिका की स्थानीय टीम भाग लेंगी।



## उमंग और उत्साह के साथ मनाई रविदास जयंती, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना, शहर सहित अंचल भर में संत रविदास की जयंती उमंग और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान शहर भर से निकले जुलूस का अनुयाइयों और अन्य संगठनों में स्वागत किया गया।इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार संत रविदास जयंती आयोजन समिति के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनुयाइयों का एकत्रीकरण दोपहर पूर्व में कैंट इलाके के गुलाबगंज में हुआ। जहां से दोपहर में शोभायात्रा शुरू हुई। बैंडबाजों की धुन पर शुरू हुई शोभा यात्रा में आगे-आगे घुड़सवार हाथों में ध्वज पताकाएं लेकर चल रहे थे। उनके पीछे एक डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। उनके पीछे बड़ी संख्या में अहिरवार समाज के लोग चल रहे थे। उनके पीछे महिलाएं चल रही थीं। उनके पीछे एक रथ पर सवार होकर चित्र रूप में संत रविदास चल रहे थे। गुलाबगंज से शुरू हुआ यह जलूस हनुमान चौराहा से हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार और लक्ष्मीगंज होते हुए निकला। उक्त जुलूस एबी रोड से होते हुए अंबेडकर भवन पहुंचकर समाप्त होगा, जहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान रास्ते भर समाज के लोगों के साथ ही अन्य संस्थाओं और संगठनों में भी संत रविदास की आरती उतारकर जुलूस का स्वागत किया जाता रहा। जुलूस में शहर के साथ साथ आसपास के ग्रामीण अंचल से भी अनुयाइयों ने हिस्सा लिया।

## चौकी में बंद होकर बचाई एंबुलेंस चालक ने अपनी जान, चलीं लाठी और हॉकी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी के बाहर सुबह जमकर लाठी और हॉकियां चलने का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान आरोपियों ने चौकी के बंद गेट पर भी लाठियां बरसाई। इस आशय की शिकायत शहर कोतवाली में की गई है।इस संदर्भ में पीड़ित एंबुलेंस चालक मोहम्मद अकील ने बताया कि सुबह लगभग 10.30 बजे वह अस्पताल परिसर में था, इसी बीच वहां राजू और उसके 3, 4 साथी लाठियां और हॉकी लेकर उसे मारने के लिए आए और गाली गलौज शुरू कर दी, इस दौरान उन्होंने उस पर लाठियां और हॉकी से हमला करना चाहा, यह देख उसने अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में घुसकर अंदर से दरवाजे बंद कर अपनी जान किसी तरह बचाई। इस दौरान आरोपियों ने चौकी के दरवाजे पर भी लाठियां बरसाईं। अन्य लोगों के आ जाने और चौकी स्टाफ द्वारा हड़काए जाने पर आरोपियों के चले जाने के बाद वे चौकी से बाहर आ पाए। मोहम्मद अकील ने इस दौरान बताया कि आरोपी एक एंबुलेंस चलाता है, जिसे वह सीएनजी से चलाता है। उक्त लोगों द्वारा आए दिन इसी तरह शराब के नशे में हंगामा किया जाता है। रात में तो स्थिति और खराब हो जाती है। इस दौरान महिलाओं तक से छेड़छाड़ और बदतमीजी की जाती है। यही नहीं अस्पताल में आने वाली उसकी भतीजी से भी आरोपियों द्वारा बदतमीजी की जाती है, जिससे मना करने पर इसी तरह हंगामा खड़ा कर दिया जाता है। यही नहीं इन्होंने यहां बनी एक टपरिया को भी तोड़ दिया है। इनके साथ बाल्मिकी समाज की एक महिला भी रहती है, वह भी शराब पीकर इनके साथ इसी तरह हंगामा करती है। मोहम्मद अकील ने इस आशय की शिकायत पुलिस से भी की है।




## नपा टीम ने जप्त की अमानक पॉलिथीन किया 3000 रू का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रात नगर पालिका टीम द्वारा श्री राम कॉलोनी से अमानत पॉलिथीन जप्त की ।प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के निर्देश पर नगर पालिका टीम द्वारा सतत रूप से अमानत पॉलिथीन के विरुद्ध कार्रवाही की जा रही है, इस दौरान आज प्रातः श्री राम कॉलोनी में अमानत पॉलिथीन पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, इस दौरान नगर पालिका टीम के शकील खान, अमित कुमार, बृजमोहन खरे, डिफेंस जादन आदि ने अमानत पॉलिथीन जप्त कर 3000 रुपये का जुर्माना किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि स्वच्छ गुना सुंदर गुना के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा अमानत पॉलिथीन क्रय ,विक्रय एवं भंडारण के विरुद्ध सतत रूप से कार्रवाही की जा रही है, सभी व्यापारियों नगर वासियों से अपील कर रहे हैं कि वह अमानत पॉलिथीन का उपयोग न करें, बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन का उपयोग करें ।



### फतेहगढ़ थाना पुलिस की बड़ी सफलता, वाहन चेकिंग में पकड़ा अंतरराज्यीय स्मैक तस्कर

## 1.40 लाख की स्मैक के साथ मोटरसाइकिल जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा गुना जिले को नशा मुक्त जिला बनाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री एवं इन गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं के विरूद्ध निरंतर कठोर कार्यवाही के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए जा रहे हैं । उक्त निर्देशों के पालन में गुना पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार पर निरंतर प्रभावी प्रहार करते हुए नशे के सौदागरों को धरासायी किया जा रहा है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना श्री मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना श्री विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और उनकी टीम द्वारा राजस्थान की ओर से स्मैक तस्करी कर रहे एक अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 31 जनवरी 2026 को फतेहगढ़ थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा थानांतर्गत छबड़ा रोड़ पर हमीरपुर गांव की पुलिया के पास वाहन चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान छबड़ा की ओर से आ रही एक बजाज प्लेटीना मोटर सायकिल क्रमांक RJ28 SU 7813 के चालक को रोकने का प्रयास किया तो उसने एकदम से गाड़ी की स्पीड बड़ाकर भागने का प्रयास किया, जिसका पुलिस फोर्स द्वारा तत्परता से पीछाकर उसे पकड़ लिया गया । पूछताछ पर उसने अपना नाम अभिमन्यु पुत्र शंभुप्रसाद यादव उम्र 47 साल निवासी दांता थाना कैलबाड़ा जिला बांरा राजस्थान का बताया एवं जिसके पुलिस से बचकर इस तरह भागने से संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 14.70 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई । आरोपी से बरामद स्मैक अनुमानित कीमत 1.40 लाख रुपये एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमती 70 हजार रुपये सहित कुल 2.10 लाख रुपये का मसरुका विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं जिसके विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 21/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।



आरोपी के स्मैक तस्करी से जुड़े अन्य स्त्रोतों एवं संभावित नेटवर्क के संबंध में भी पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है । गुना पुलिस द्वारा 'नशा मुक्त गुना जिला' अभियान के अंतर्गत पूर्ण प्रतिबद्धता एवं सख्ती के साथ लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं । फतेहगढ़ थाना पुलिस की यह कार्यवाही नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । गुना पुलिस की आमजन से अपील है कि यदि किसी को भी मादक पदार्थों की तस्करी अथवा अवैध क्रय-विक्रय की जानकारी मिले, तो तत्काल पुलिस को सूचित कर जिले को नशा मुक्त जिला बनाने में सहभागी बनें ।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि जसरथ दिवाकर, प्रधान आरक्षक विकास भार्गव, प्रधान आरक्षक चंद्रसेन फाल्के, आरक्षक सुनील असैया, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक विवेक कुशवाह, आरक्षक कुलदीप धाकड़, आरक्षक दिव्यांश भार्गव, आरक्षक कांजराज, आरक्षक योगेश जाट एवं आरक्षक बृजमोहन की सराहनीय भूमिका रही है ।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज जयंती पर आरोन में निकली भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती नगर आरोन में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जहां नागरिकों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।शोभायात्रा के दौरान गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, विचारों एवं उपदेशों का स्मरण करते हुए उनके अमर संदेश “मन चंगा तो कठौती में गंगा” को जन-जन तक पहुंचाया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, प्रेम, करुणा, भाईचारे और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं।भव्य शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और जयकारों से संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालु गुरु रविदास जी की झांकी के साथ चलते हुए भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### मन चंगा तो कठौती में गंगा

**आरोन।** रघुवंशी समाज आरोन द्वारा संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में अहिरवार समाज द्वारा निकाले गए भव्य चल समारोह पर पुष्प वर्षा एवं संत जी के छाया चित्र को फूल माला पहनाकर एवं आरती उतारकर स्वागत सत्कार किया गयाइस अवसर पर श्री गोविंद सिंह मूढ़रा रतनसी,गजराज सिंह,हरी सिंह देवरी, राजेंद्र सिंह खामखेड़ा,दौलत सिंह सिरसी,देवेंद्र सिंह हल्के नेताजी,गोविंद सिंह खामखेड़ा,महेंद्र सिंह रुसल्ला, शिवकुमार सिंह बरोद,बबलू सिंह देवरी,रिंकू बूढ़ाखेड़ा,हरिओम सेजी शिक्षक,सोनू लांचा पार्षद आशुतोष रोरिया सौरभ रघुवंशी करौंदा, एवं सन्नी सहित समाज के वरिष्ठजन सहित युवा उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।इसी क्रम में विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कमल अहिरवार, शिवकुमार उपरिंग, योगेश शर्मा, बंटी राजपूत, भूपेंद्र ओझा, रघुवीर ग्वाल, मनोज ओझा तीरथ अहिरवार, विवेकानंद अहिरवार, दीपक अहिरवार, राकेश जाटव, अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर गुरु रविदास जी की पूजा-अर्चना कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

## समाचार संक्षेप

### छात्र सम्मान समारोह 2025–26 का भव्य आयोजन



**आरोन।** माधव विद्या मंदिर एवं आचार्य पी.सी. राय विद्यालय परिवार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025.26 के अंतर्गत कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए छात्र सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक सम्मान किया । कार्यक्रम में न केवल वर्तमान कक्षा 10 के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, बल्कि गत वर्ष विद्यालय से उत्तीर्ण प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा बोर्ड कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को भी सम्मान पत्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। इस सम्मान समारोह में आरोन नगर के समाजसेवी श्यामबाबू श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक सेवाराम नौरोजी, एवं पत्रकार लखन रघुवंशी, मनोजलाल अहिरवार मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में श्याम बाबू श्रीवास्तव ने कहा जीवन में अनुशासन ही सफलता का सबसे सशक्त मार्ग है यदि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को आत्मसात कर लें, तो वे निश्चित रूप से एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं उनके प्रेरक विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया । कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया । यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक बनकर स्मरणीय रहा।

### ग्राम सगोरिया में आध्यात्मिक सत्संग समारोह आयोजित



**गुना।** सत्संग से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित ग्राम सगोरिया में आध्यात्मिक सत्संग समारोह की दूसरे व अंतिम दिवस सदगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज के शिष्य महात्मा वर्धमाना नंद जी ने कहा ईश्वर का ज्ञान सबसे सहज और सरल है । इसलिए 5 साल के ध्रुव प्रहलाद मुक्ताबाई को भगवान मिले और हम 100 साल के हो गये फिर भी नहीं मिले क्योंकि हमारा ढूंढने का तरीका सही नहीं है घर में रखी वस्तु यदि बाहर खोजे और उसमें क्या-क्या समान है यह हम जानना चाहे उसके लिए हम जप तप पूजा पाठ यज्ञ हवन करें इससे घर की वस्तु का ज्ञान नहीं हो सकता उसको जानने के लिए हमे घर में जाना होगा ऐसे ही ईश्वर को पाने के लिए हमें बाहर न जाकर हृदय मंदिर में जाना होगा और यही जाने का रास्ता समय के सद्गुरु बताते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय में ईको क्लब के अंतर्गत “बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट” गतिविधि का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शासकीय महाविद्यालय आरोन में पर्यावरण संरक्षण एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईको क्लब के तत्वावधान में “बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट” गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ए. के. मुद्गल के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपशिष्ट पदार्थों के पुनः उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था।

इस गतिविधि का आयोजन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. महाविद्या उपाध्याय एवं प्रो. बी. एस. मीणा के मार्गदर्शन में किया गया। ईको क्लब प्रभारी डॉ. कोसर जहाँ तथा डॉ. अलीम खान के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट कागज एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री से सुंदर, आकर्षक एवं उपयोगी आकृतियों का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने यह दर्शाया कि किस प्रकार बेकार समझे जाने वाले कागज और अपशिष्ट सामग्री को रचनात्मक सोच के माध्यम से उपयोगी एवं कलात्मक रूप दिया जा सकता है। तैयार की गई आकृतियों में सजावटी वस्तुएँ, फूल, मॉडल्स एवं अन्य कलाकृतियां शामिल रहीं, जिनकी सभी ने प्रशंसा की। इस गतिविधि में रंजीता राजपूत, वंदना यादव, राजनीति यादव, शिवानी पाल, कल्पना, साक्षी एवं नंदिनी सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. ए. के. मुद्गल ने विद्यार्थियों एवं ईको क्लब के समस्त सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों में नवाचार, जिम्मेदारी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता, रीसाइक्लिंग एवं पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

# भाजपा नगर मंडल द्वारा रोजगार आजीविका मिशन के अंतर्गत जनजागरण अभियान हेतु किया कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भाजपा गुना नगर मंडल द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं ज़िला नेतृत्व के मार्गदर्शन में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण एक्ट) (VB-G RAM-G) के अन्तर्गत जनजागरण अभियान के निमित्त मण्डल स्तरीय सम्मेलन/कार्यशाला संपन्न हुई ! नगर मंडल मिडिया प्रभारी मुकेश ओझा ने बताया कार्यशाला में भाजपा वरिष्ठनेता एवं मण्डल के प्रभारी देवेंद्र गुप्ता , भाजपा वरिष्ठनेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सलूजा एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ । कार्यशाला का संचालन नगर महामंत्री श हरीश उरैया ने किया एवं आभार नगर मंत्री छाया बाल्के ने माना !कार्यशाला में भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मण्डल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्षगण, पार्षदगण, मातृशक्ति सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# पतंजलि परिवार के पांचो संगठनों की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



पतंजलि परिवार के पांचो संगठनों की संयुक्त मासिक बैठक न्यू कलेक्ट परिसर महिला पतंजलि योग कक्षा में संपन्न हुई ।बैठक में करो योग रहो निरोग योग को घर-घर पहुंचाएंगे इस नारे के साथ ही बैठक प्रारंभ की गई मुख्य विषय हरिद्वार से स्वामी रामदेव जी की शिष्या साध्वी देवादिति बहिन जी गुना शहर पधार रही हैं। डाक बंगले के सामने ₹इक्विटी पार्क ₹ में तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर दिनांक 7 ,8 ,9 फरवरी को प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 बजे तक संचालित होगा शिविर का संचालन साध्वी जी द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने हेतु सभी पदाधिकारी एवं योग शिक्षकों को जवाबदारी दी गई है कि अधिक से अधिक नए योग साधकों को इस शिविर में उपस्थित होने हेतु प्रचार प्रसार करेंगे दूसरा विषय :- राज्य प्रभारी के निर्देशानुसार सहयोग योग शिक्षकों के प्रशिक्षण के कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है अब 25 दिवसीय 100 घंटे का प्रशिक्षण दिनांक 15 फरवरी 2026 से किए जाने का निर्णय लिया गया है।

तीन दिवसीय शिविर में टेंट ,माइक लाइट, इत्यादि साज सज्जा की जवाबदारी अलग-अलग पदाधिकारी को सौंप दी गई है प्रचार प्रसार के लिए पंपलेट घर-घर जाकर वितरण किए जाएंगे एवं प्रचार वाहन के द्वारा शहर के सभी वार्डों में प्रचार कराया जाएगा जिला संगठन मंत्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए पांचो संगठनों की जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी द्वारा सर्वसम्मति से भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संगठन मंत्री के दायित्व के साथ-साथ पांचो संगठनों के जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सोपा गया है उनके सहयोगी नरोत्तम यादव एवं अरविंद श्रीवास्तव रहेंगे शहर में चल रही योग कक्षाओं में महिला पतंजलि जिला प्रभारी सीमा शर्मा संपर्क करेंगी साध्वी देवादिति बहिन जी के आगमन उपरांत प्रेस वार्ता भी की जाएगी।

### सुखपुर हॉस्पिटल में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का हुआ आयोजन

# 2005 मरीजों के हुए पंजीयन, 100 से अधिक रोगी ऑपरेशन के लिए किए गए चिन्हित





हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

श्री आनंदपुर ट्रस्ट के द्वारा ग्राम सुखपुर बहेरिया रुपनगर ग्राम पंचायत आकलोन एवं मध्य प्रदेश शासन की अनुमति से 87वां जनसेवा आयोजन स्थान श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर हॉस्पिटल तहसील ईसागढ़ जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश में 35वां निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 2005 रोगियों का पंजीयन हुआ और 100 से अधिक रोगी ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। उनको रहने भोजन औषधि सहायक उपकरण आदि निःशुल्क जांच एवं भर्ती की निशुल्क व्यवस्था दी गई जिसमे आज पुराने रिकॉर्ड टूट गए सुबह से ही भीड़ जमा हो गई। इस शिविर में हडडी संबंधित रोगी उपचार के लिए पहंचे जिनमें कई प्रकार के रोगी शामिल थे। रोगियों को यह सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त हुई जिसमे डॉक्टरी जांच, जहां जरूरत हो वहां ऑपरेशन भी किए जायेंगे। ऑपरेशन के बाद उपकरणों जैसे कैलीपर्स बेल्ट जूते आदि की जरूरत पड़ती है वो बाद में दिए जायेंगे। शिविर में उपस्थित सभी रोगियों को डॉ कमल बोस सिंगापुर द्वारा प्रसाद में हलुआ चावल खिचड़ी वितरित की गई।



# शाढ़ौरा में यूजीसी के नए कानून के खिलाफ रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

रविवार को यूजीसी के नवीन नियमों के विरोध में यहां सैकड़ों युवाओं ने प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे चैक मैदान से शुरू हुई यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई थाना प्रांगण पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

रैली में शामिल युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और यूजीसी के इस नए प्रावधान को काला कानून करार देते हुए इसे सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने सवर्ण एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए और गुस्से का इजहार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह नियम सामान्य वर्ग के युवाओं पर विपरीत प्रभाव डालेंगे और शिक्षा में भेदभाव को बढ़ावा देंगे। रैली के संयोजक नीतू शर्मा ने थाना परिसर में ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन तहसीलदार कार्तिकेय मुद्गल और थाना प्रभारी सुनील सिकरवार को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों की रक्षा करते हुए यूजीसी के इस कानून को वापस लेने की मांग की गई है।

# श्रीजी कस्बे में भ्रमण पर निकले शोभा यात्रा में लोगों ने भाग लिया

जगह-जगह भगवान की आरती की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



सकल दिगंबर जैन समाज नईसराय के द्वारा तहसील मुख्यालय पर रविवार को श्रीजी के विमान निकाले गए। विमान महोत्सव कार्यक्रम वैज्ञानिक संत आचार्य 1008 निर्भयसागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 मेघदत्तसागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 वृषभदत्त सागर जी महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा के रूप में निकाले गए।

इसके पूर्व सुबह जैन मंदिर पर भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे से श्रीजी के विमान की शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा जैन मंदिर से पुराना हाट बाजार होते हुए मैन मार्केट से बस स्टेंड पावर हाउस से होते हुए सुरई मैदान पहुंची। जहां पर भगवान के अभिषेक के लिए, फूलमाला ,शांतिधारा आदि की बोलिया लगाई गई। उसके बाद मुनि श्री के प्रवचन हुए। प्रवचन पश्चात शोभायात्रा बापिस पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची जहां पर समापन किया गया। शोभायात्रा में गुना, अशोकनगर, शाढ़ौरा , मुंगावली , ईसागढ़ , कदवाया सहित अन्य स्थानों से भी जैन समाज के लोग शामिल हुए। श्रीजी विमान महोत्सव शोभायात्रा में महिलाए एवं पुरुष डांडिया खेलते हुए चल रहे थे तो वहीं भजनों पर नृत्य करते हुए भी चल रहे थे। शोभायात्रा का लोगो ने कही जगह फूल वर्षा का स्वागत किया तो वहीं लोगो ने भगवान पाश्र्वनाथ की आरती कर श्रीफल भेंट किया गया।

# महोत्सव में राजपालसिंह नरवरिया हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



आंचलिक विज्ञान केन्द्र-भोपाल द्वारा 28 से 30 जनवरी तक नवप्रवर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें तीन अलग-अलग श्रेणियों में तकनीकी महाविद्यालयों के छात्रों एवं ग्रासरूट आविष्कारकों को सहभागिता के लिए आमन्त्रित किया गया था। जहाँ पर छात्रों के द्वारा बनाये हुये तकनीकी मॉडल एवं ग्रासरूट इनोवेटरो ने अपनी-अपनी तकनीकि एवं बीज प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया।

इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में वैज्ञानिकों, छात्रों एवं आम लोगों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया जहाँ पर आंचलिक विज्ञान निर्णायक मंडल की गहन समीक्षा के बाद चंदेरी ब्लॉक तहसील पिपरई अंतर्गत ग्राम जमाखेड़ी के युवा कृषि अन्वेषक राजपाल सिंह नरवरिया को अपने कृषि आविष्कार ट्रेक्टर चलित इनोवेटिव कटाई मशीन हाईटेक रीपर के लिए ग्रासरूट इनोवेशन के प्रथम पुरुष्कार से सम्मानित किया गया। यह किसान की फसल कटाई की लागत को 80 प्रतिशत तक कम करती हैं साथ ही इस मशीन के उपयोग से किसानों के समय एवं मेहनत की बचत करके किसानों का काम आसान बनाती हैं जिससे किसानों को आर्थिक लाभ होता हैं।

इस मशीन को केन्द्रीय कृषि अभि यंत्रकीय संस्थान- भोपाल, कृषि विज्ञान केन्द्र-प्रदेश एवं एनआई एफ के कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों के समक्ष प्रक्षेत्र परीक्षण किया गया।

# 1 माह में 4010 वाहनों के चालान कर कुल 14,71,000 रुपए समन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर




जिले में यातायात की सुरक्षा को लेकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना यातायात द्वारा 1906 चालान कता कर कुल 7,74,300 रूपये एवं जिले के समस्त थानों द्वारा 4010 चालान कता कर कुल 14,71,000 रूपये इस प्रकार सम्पूर्ण अभियान के दौरान जिला अशोकनगर द्वारा कार्यवाही करते हुये कुल 5916 चालान कता कर 22,45,300 रूपये शमन शुल्क बसूल किया गया।

राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के दौरान सम्पूर्ण जिले में यातायात नियमो का पालन करने के संवंध में 115 जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन कर 15,800 नागरिको को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सडक दुघर्टनाओं को कम करने एंव यातायात जागरूकता संबंधी चलाई जा रही विभिन्न योजनायें जैसे राहवीर योजना, कैशलेश योजना एंव हिट एण्ड रन योजना में मृत्यु गंभीर घायलों को सहायता राशि मिलने संबंधी जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

राहवीर योजना के अंतर्गत सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने जान बचाने पर 25 हजार रूपये की इनामी राशि प्रदान करने की जानकारी दी गई एंव दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन व्यक्ति न बैठाना व चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट अवश्य पहनने एंव नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय गति सीमा उल्लंघन न करे, आपातकालीन वाहनों को सदैव रास्ता देने, नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने देने, यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग न करने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, बिना वैध लायसेंस के कोई भी वाहन न चलाये जाने आदि यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी एवं सभी आने जाने वाले वाहनों जैसे ट्रेक्टर-ट्रॉली, ट्रक, कार, व डंपर व अन्य वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाया गया जिससे दुर्घटना न हो एंव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गयी।

# रविदास जयंती उत्सव पूर्वक मनाई, चल समारोह निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

स्थानीय संत रविदास मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। यहा श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती की और उनके द्वारा मानवता की सेवा के लिए दिए गए संदेश पर चर्चा की। दोपहर 12:00 बजे से चल समारोह निकाला गया, जिसमें श्रद्धालुओंन ने बड़ी संख्या में भाग लिया। नांचते गाते हुए श्रद्धालु शहर के विभिन्न मार्गों से निकले। चल समारोह में संत रविदास जी की तस्वीर भी सजाई गई थी। इसके आगे संत रविदास जी के श्रद्धालु भक्ति भाव से चल समारोह में नजर आए। सामाजिक समरसता का उदाहरण भी इस चल समारोह में देखने को मिला। इस चल समारोह में भीम आर्मी और बहुजन समाज के कार्यकर्ता काफी संख्या में सम्मिलित हुए, एक दूसरे को बधाई दी गई। संत रविदास जी के अनुयायियों ने शुभकामनाओं के साथ समापन कार्यक्रम के दौरान प्रसाद का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत अशोकनगर थूवोन रोड़ पर देहात थाने के समीप किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 लोगों को चोटें आई हैं। जिसकी रिपोर्ट दिनेश बघेले निवासी निवई थाना पाली जिला ललितपुर की रिपोर्ट पर से पुलिस ने अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज किया है। इस घटना में विदेश विश्वकर्मा और दिनेश बघेले को चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कचनार थाने की पुलिस ने कालू पारदी निवासी मूडरा बहादुरा के पास से करमसी गांव के समीप 25 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने खानपुर निवासी नेतराम आदिवासी के पास से 5 लीटर और ईसागढ पुलिस से कमरजीत जाटव निवासी छपरा थाना कदवाया के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड़ निवासी नंदकिशोर ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रानू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी गोलू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लल्लू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी प्रवीण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलम रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कनावटा निवासी निधि यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मस्तराम यादव और चार्ली यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक से मारपीट कर घायल किया

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी एक युवक को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार करा रहे घायल छोटा कुशवाह पुत्र मिश्रीलाल कुशवाह ने बताया कि हमारे घर के पास से किसी ने पत्थर फोड़ दिये। हमारा पडौसी प्रकाश और जयराम कहते हैं कि तुम ने पत्थर फोडे है और जिसको लेकर जैन मंदिर के बाहर लगे कैमरे दिखाने के लिए जब में जैन साहब के यहां गया तो उन दोनों ने मुझ पर लाठी से हमला कर दिया जिससे मुझे चोटे आई हैं। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### 25 वर्षीय युवक खाना खाते समय चूल्हे पर गिरा

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम तूमैन आमखेडा निवासी गंगाराम पुत्र तुलाराम उम्र 25 वर्ष को झुलसी हुई अवस्था में उपचार के लिए लाया गया है। जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में उसे भर्ती कराया गया है जहां उपचार कराया जा रहा है। गंगाराम के चाचा कालूराम ने बताया कि युवक घर पर चूल्हे के पास बैठकर खाना खा रहा था, खाना खाते समय पर वह बेहोश होकर चूल्हे में गिर गया। उस वक्त घर की महिलाएं घर के बाहर बैठकर गीत गा रही थीं। इस दौरान जब युवक की आवाज के साथ कपड़ों के जलने की गंध उन्हें आई तो युवक की मां अंदर पहुंची और देखा कि पुत्र गंगाराम चूल्हे की जलती आग में गिरा पड़ा है। उसे तुरंत चूल्हे से बाहर उठाकर उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां युवक का उपचार किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई

**पिपरई।** नगर के नैनीतराम कुशवाह विधुत विभाग मे 40 वर्ष से अपनी सेवा लाईन मेन के पद पर रहकर दे रहे थे। वह विभाग में वेदाग छवि और निष्पक्ष सेवा भाव से कार्य कर रहे थे। पिपरई नगर में आज 40 वर्ष के बाद सेवानिर्वित होने पर जगह जगह उनका स्वागत किया, वह ढ़ोल बाजे के साथ घर पहुंचे, और उन्हें इस अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

---

### केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया बजट

# बजट को लेकर किसी ने आम जन की उपेक्षा का बजट बताया तो किसी ने बजट की प्रशंसा

**अशोकनगर।** वर्ष 2026 के लिए नए आम बजट को लोक सभा में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। इस बजट को लेकर न तो टेक्स पेअर को कोई छूट दी गई है, डीजल,पेट्रोल और गैस जैसे आवश्यक आम आदमी के परिवार की वस्तुओं पर भी दाम कम करने के प्रंबध नहीं किए गए है। उधर दूसरी ओर 300 नई ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव बजट में किया गया है। कई वस्तुएं सस्ती होने का दावा किया गया है।

### नया आयकर अधिनियम कानूनों को सरल बनाएगाः सीए अमित गोइल

सीए अमित गोइल ने नए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि बजट 2026 में आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन सरकार ने नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का ऐलान किया है। यह कानून नियमों को सरल बनाएगा और विवाद कम करेगा। उन्होंने कहा कि रिवाइज्ड आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर से बढ़ा कर 31 मार्च कर दिया गया है। छोटे व्यापारियों को जिनका टैक्स ऑडिट नहीं होता उन्हें रिटर्न दाखिल करने के लिए 1 माह अधिक दिया गया है, जो काबिले तारीफ है। हालांकि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट समय से दाखिल न कर पाने की दशा में 1 माह तक 75000/- एवं दूसरे माह मै दाखिल करने पर 150000/- की लेट फीस का नया प्रावधान जोड़ दिया गया है। अभी तक ऐसी कोई लेट फीस नहीं लगती थी, कुल मिला कर ऐसा प्रतीत होता है जैसे वित्त मंत्री लापरवाह करदाताओं को सही करना चाहती है, या फिर लेट फीस से अतिरिक्त आय निर्मित करना चाहती है।



### यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला हैः भाजपा जिला अध्यक्ष



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबका साथ, सबका विकास तथा आत्मनिर्भरता के साथ विश्व में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्तुत किया। जिसका सीधा प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में बड़ी स्क्रीन पर देखा। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, सलिल त्रिपाठी मनोज जैन,तुषार खैर जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी मोनू पांडा विष्णु शर्मा महेंद्र यादव मौजूद रहे। चंदेरी विधानसभा में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला टोली के सदस्य अरुण सोमानी राघवेंद्र सेंगर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह मुंगावली विधानसभा में जिला टोली के संयोजक मनीष मोदी के नेतृत्व में बड़ी स्क्रीन पर बजट को देखा बात सुना गया। जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट भविष्य के स्वर्णिम अवसरों का राजमार्ग है। बजट में चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और मूलभूत सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा गया है,और उसकी पूर्ति के लिए बजट आवंटित किया गया है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। और भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। यह बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है।

### बजट में विशेष कुछ नहीं : दिनेश गुप्ता



दिनेश गुप्ता जिला-महामंत्री मध्य-प्रदेश अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त-मोर्चा एवं पेंशनर संघ ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं है। 1 अप्रैल, 2026 से नया कानून लागू होगा। स्टैंडर्ड डिडक्शन में 12 लाख 75 हजार तक कोई टैक्स देय नहीं होगा। उम्मीद थी यह बढ़कर 15 लाख तक होना चाहिए थी यह पूरी नहीं होने से निराशा ही हाथ लगी है। 'जनवरी 2026 बीतने के बाद भी आठवें वेतन आयोग को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है जिससे सरकारी कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। कर्मचारी जानना चाहता है कि नई सैलरी कब मिलेगी और देरी होने पर एरियर मिलेगा या नहीं। वेतन बढ़ोतरी, भुगतान की टाइमलाइन और फिटमेंट फैक्टर को लेकर फिलहाल कई सवाल खुले हुए हैं। कर्मचारियों के लिए बजट मिला जुला रहा कोई विशेष खुशी की बात नहीं।

---

# खेत में आम के पेड़ से लटका मिला वृद्ध किसान का शव

**परिजनों ने कहा कि ओलावृष्टि से तबाह हुई फसल, कर्ज भी था, इसी रंज में लगाई फांसी**

**उधर, सर्वेक्षण दल के सामने स्वस्थ मिलीं फसलें पुलिस मामले की जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।

बहादुरपुर में रविवार सुबह तहसील क्षेत्र के महोली गांव में एक किसान शिवराज सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह दांगी उम्र 65 वर्ष का शव उसी के खेत में खड़े आम के पेड़ पर लटका पाया गया। किसान के गले में तौलिया का फंदा लगा हुआ था। परिजन मृत अवस्था में किसान को सिविल अस्पताल मुंगावली लेकर पहुंचे और यहां दावा किया कि बीते 27 जनवरी में जो ओलावृष्टि हुई है, उसमें किसान की चना और मसूर की फसल बर्बाद हो गई थी। किसान पर कर्जा था, इससे पहले खरीफ की फसल भी खराब हो गई थी। इसी रंज में आकर उसने मौत को गले लगा लिया। बहरहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है, हालांकि किसान के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

दूसरी ओर महोली के पटवारी सुजीत छारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर वह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ यादव के साथ खेतों पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि किसान की मौत दुखद है। किंतु महोली गांव में ओलावृष्टि नहीं हुई और न ही इससे कोई नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसान शिवराज सिंह और उसके बेटों जस्सू, राजेश और रामबाबू के पास शामिल खाते की करीब 26 बीघा जमीन है। इसमें शिवराज एवं रामबाबू के शामिल खाते की सर्वे नंबर 29/2 में कुल 2.770 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें गेहूं बोया गया है। किसान ने यह जमीन यूको बैंक मल्हारगढ़ में बंधक कर किसान क्रेडिट कार्ड लिया है। वहीं सर्वे नंबर 115/5/2 रकबा 1.254 हैक्टेयर राजेश पुत्र शिवराज के नाम से है, जिसमें गेहूं की फसल खड़ी है। यह जमीन बंधक नहीं है। इसी तरह मृतक किसान शिवराज के बड़े बेटे जसवंत के नाम से सर्वे नंबर 29/1/3 रकबा 1.416 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें आधे रकबे में चना हैं और आधे रकबे में मसूर की फसल है। सर्वेक्षण दल के मुताबिक रविवार दोपहर में हुए सर्वेक्षण में फसलें स्वस्थ पाई गई हैं, मसूर की फसल आड़ी हो गई है लेकिन उसमें अभी फूल आ रहा है, इसलिए फिर से खड़ी हो जाएगी। किसान के पर कितना ऋण है, इसकी जानकारी नहीं है।

#### ग्रामीणों ने कहा दो मिनट बरसे ओले बारिश से हुआ नुकसान

महोली गांव में फसलों के नुकसान के संबंध में दो किसानों से बात हुई है। जिसमें यशकुमार दांगी ने बताया कि उनके पास 35 बीघा जमीन है, जिसमें चना और मसूर की फसल में बारिश से नुकसान हुआ है, उन्होंने कहा कि गांव में केवल दो मिनट ओलावृष्टि हुई थी। इसलिए ओलों के बजाय बारिश ज्यादा होने से नुकसान हुआ। इसी तरह रामराज दांगी ने बताया कि उनकी फसलों में पानी भरा रहने से नुकसान हुआ है। चना और मसूर की फसलें नाजुक होती हैं।

---

## मुस्कान अभियान के तहत कन्या छात्रावास में बालिकाओं से संवाद, सांस्कृतिक आयोजन हुए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।

पिपरई में पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मुस्कान अभियान के तहत थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा ने छात्रावास की छोटी छोटी बालिकाओं से संवाद किया और मुस्कान अभियान का महत्व बताते हुए कहा कि आपरेशन मुस्कान एक विशेष पहल हे जिसका उद्देश्य लापता बच्चों को खोज कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों से मिलाना और उनका पुनर्वास करना है। यह एक समर्पित अभियान है। जिसे लेकर बालिकाओं से संवाद किया गया, इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए।

एस.आई मंदाकिनी पटेल ने मुस्कान अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल बच्चों युवाओं को समाज में फैली कुरीतियों और अन्य अपराधिक प्रवृतियों से बचाने के लिए चलाई जा रही है। बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से तैयारी कर वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेना क्यों जरूरी है। बालिकाओं से पूंछा कि आप पढ़ लिख कर क्या बनना चाहती हैं, अधिकतर बालिकाओं ने पुलिस में रुचि दिखाई।

## कलेक्टर ने टोरिया फिल्टर प्लांट पहुंचकर वाटर टेस्टिंग के दिए निर्देश



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा टोरिया फिल्टर प्लांट पहुंचकर वाटर टेस्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने फिल्टर प्लांट पानी की नियमित टेस्टिंग कराये जाने तथा रिकार्ड संधारित रखे जाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये। उन्होंने टंकियों की नियमित साफ साफई सहित विभिन्न वार्डो टंकियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रदत पेयजल की सतत टेस्टिंग कराने जाने के निर्देश दिये। साथ ही प्रति सप्ताह रेंडम रूप से पानी का परीक्षण तथा रजिस्टर संधारित किये जाने के निर्देश दिये।

## शहर में संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती समरसता विचार गोष्ठी पूजन के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।



आज संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती रविदास मंदिर विदिशा रोड पर समरसता विहिप विचार गोष्ठी, पूजन पुष्प माला प्रसाद चढ़ाकर मनाई गई। जिसमें विहिप प्रान्त प्रमुख अर्चक मंदिर प्रमुख दीपक मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि 649 वर्ष पूर्व आज ही के दिन रविवार माघ पूर्णिमा को उनका जन्म बनारस के पास हुआ था। उन्होंने छुआछूत का विरोध कियाख धर्मांतरण का विरोध किया। सिकंदर लोधी ने उनको धर्म परिवर्तन के लिए यातनाये दी उन्हे जेल में डाला गया, परंतु वह डिगे नहीं रामानंद संप्रदाय से उन्होंने दीक्षा ली। मीरा बाई इनकी शिष्य बनी।

दिनेश बिरथरे ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला, प्रियकांत माथुर ने कहा कि रविदास महान संत थे। माधव सिंह रघुवंशी ने कहा कि संत रविदास मानवता के रखवाले थे। रामकुमार चैधरी ने कहा कि धर्म के प्रति उनका जबरदस्त समर्पण था। मुस्कान रघुवंशी ने कहा कि वह धर्म के रखवाले थे। अशोक रघुवंशी ने कहा कि संत रविदास का जीवन हमारे लिए सीखने योग्य है। संतोष शर्मा नगर अध्यक्ष रमेश गुप्ता राजेश सोनी हेमराज नामदेव अरविंद भंडारी पूर्व सांसद के.पी यादव सांसद प्रतिनिधि तीर्थ नारायण शर्मा, के .पी यादव इलेक्ट्रॉनिक, रामस्वरूप शिवहरे, अहिरवार समाज से भागीरथ अहिरवार देवी सिंह अहिरवार दिलीप अहिरवार राम भरोसा नारायण सिंह बृजभान सिंह एवं सभी प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संरक्षण जिला समरसता प्रमुख विकास जैन बल्ली ने किया।

## कलेक्टर ने बालक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बालक मैट्रिक छात्रावास अशोकनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने छात्रावास में निवासरत छात्रों से छात्रावास व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साथ ही छात्रावास में शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में पूछा। इस दौरान उन्होने जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग



अदिति सिंह को भवन की मरम्मत कराये जाने, लायेब्रेरी प्रारंभ किये जाने तथा वाटर टेस्टिंग तथा छात्रावास की समुचित साफ सफाई रखे जाने के निर्देश दिये गए।

## कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने रविवार को करीला धाम पहुंचकर आगामी मेला तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर बनने वाले पार्किंग स्थलों, विभिन्न पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समय सीमा में मरम्मत के कार्यो को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि करीला धाम परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रहें यह सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान उन्होंने पेयजल,पानी की टंकियों में पानी की सप्लाई, सीता रसोई, व्हीआईपी आगमन को दृष्टिगत रखते हुए हैलीपेड स्थल निर्माण तथा अन्य मरमम्त कार्य के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गए।



भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मुंगावली इसरार खान,सीईओ आलोक इटोरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कचनार में आज से पंचकल्याणक महोत्सव की हुई शुरूआत



शहर में प्रतिष्ठित होने वाले भगवानों की शोभा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर कचनार में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत से पहले अशोकनगर शहर में भगवान की प्रतिमाएं शोभयात्रा के रूप में प्रतिष्ठा से पहले निकाली गईं। इन प्रतिमाओं में कईं प्रतिमाएं बड़े आकार की है तो कईं प्रतिमाएं छोटे आकार की हैं। रविवार को ध्वजारोहण और घट स्थापना के साथ यह आयोजन प्रारंभ हो गया है। पंच कल्याणक की क्रियाएं सोमवार से प्रांरभ होंगीं। यह सम्पूर्ण आयोजन पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया द्वारा यह महोत्सव को संपन्न कराया जाएगा। इस चल समारोह में शहर के जैन समाज की शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए जो अपने हाथों में जैन संदेश की पटिटकाएं लेकर चल रहे थे। कुछ श्रद्धालु भगवान की प्रतिमाएं अपने सिर पर रखकर चल समारोह में शामिल हुए। जिन मार्गो से चल समारोह निकाला गया उन मार्गों पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और अपने आपको धन्य माना। गांव जैन मंदिर से सुभाषगंज और त्रिकाल चैबीसी मंदिर होते हुए यह प्रतिमाएं कचनार केलिए ले जाई गईं। जहां विधिविधान से इन प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित किया जाएगा। इन प्रतिमाओं के आलावा भी अनेक स्थानों से भी श्रद्धालु प्रतिमाएं लेकर पहुंच रहे हैं वह प्रतिमाएं भी प्रतिष्ठित होगीं उसके बाद उन्हें मंदिरो में विराजमान किया जाएगा। कचनार में मुनि श्री के सानिध्य में ध्वजारोहण कर चल समारोह निकाला गया।

## हर्षोल्लास से निकाला चल समारोह जगह-जगह हुआ स्वागत

**संत रविदास जयंती पर युवाओं में दिखा उत्साह, भजनों पर जमकर थिरके भक्त**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

संत रविदास की जयंती रविवार को कस्बे में हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाई गई। इस दौरान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और भजनों का आयोजन किया गया तो वहीं शहर में संत रविदास महाराज के विमान की शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान युवाओं और बालिकाओं में खासा उत्साह नजर आया। चल समारोह सुबह 10 बजे अंबेडकर पार्क स्थित रविदास मंदिर से प्रारंभ हुआ। इससे पहले धार्मिक अनुष्ठान, पूजा अर्चना के साथ संत रविदास की आरती उतारी गई। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंच कर संपन्न हुआ। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस बार युवाओं व बालिकाओं में विशेष उत्साह और उमंग देखी गई। बालिकाएं विशेष वेशवूषा में सिर पर पगड़ी बांधीकर आगे-आगे चल रही थी।

## पिपरई में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर परिषद पिपरई के वार्ड क्रमांक 15 बरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम संत सिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लाखन कटारिया, और विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने बताया कि गुरु रविदासजी मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। इस कार्यक्रम मे नीतू अहिरवार, पूर्व सरपंच सैतान सिह अहिरवार, चैकीदार सुरेश अहिरवार एबं समस्त ग्राम वासी शामिल हुए।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों पर नकल प्रकरणों में कमी लाने की कवायद

# बोर्ड परीक्षा: नकल रोकने सभी 63 केंद्रों पर रखेंगे 'ईमानदारी की पेटी'


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 10 फरवरी से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आगाज होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इन परीक्षाओं में नकल (चीटिंग) पर अंकुश के लिए कई तरह की सख्ती बरतते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तरों पर जहां उड़नदस्ते बनाए गए हैं, वहीं गांधीगिरी से भी नकल प्रकरणों में कमी लाने के प्रयास किए जाएंगे।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए इस वर्ष जिले में कुल 63 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी 63 परीक्षा केंद्रों पर एक बॉक्स रखा जाएगा जिसे 'ईमानदारी की पेटी' नाम दिया गया है। अगर कोई परीक्षार्थी घर से नकल पर्ची लाया और केंद्र पर पहुंचकर उसका मन बदला तो परीक्षा के पूर्व वो उन नकल पर्चियों को इस 'ईमानदारी की पेटी' में डाल सकता है। ऐसा करने पर उसका कोई नकल प्रकरण नहीं बनाया जाएगा पर शर्त यह रहेगी कि वो नकल पर्चियों को परीक्षा के पूर्व ही ईमानदारी की पेटी में डाल दें।

उल्लेखीय है इन परीक्षाओं की गोपनीयता और नकल प्रकरणों के संबद्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा भी बेहद गंभीर हैं। पिछले दिनों परीक्षाओं आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक में कलेक्टर द्वारा कई तल्ख निर्देश प्रदान किए गए थे।

### परीक्षाओं में नजर आएगा सख्ती के साथ गांधीगिरी का सम्मिश्रण




### 6 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय से बंटेगी परीक्षा सामग्री

बोर्ड परीक्षाओं की कड़ी में आगामी 06 फरवरी को मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय से जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण करवाया जाएगा। परीक्षा केंद्र से आया दल पूरी जिम्मेदारी के साथ सामग्री व प्रश्न-पत्रों को हैंडओवर लेकर बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रश्न-पत्रों को केंद्र के निकट के थानों में जमा करवाएगा।

### 8 संवेदनशील एवं 5 अति-संवेदनशील केंद्र बनाए

पूर्व के सालों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिन केंद्रों पर नकल प्रकरण या सामुहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आए थे उन्हीं के दृष्टिगत शिक्षा विभाग द्वारा इस साल जिले में बनाए गए कुल 63 परीक्षा केंद्रों में 08 संवेदनशील केंद्र एवं 05 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी 13 केंद्रों पर नकल रोकने बनाए गए उड़नदस्तों की विशेष नजर रहेगी। संबंधित केंद्रों पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ते समय-समय पर पहुंचकर सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षाएं पूरी गोपनीयता, पारदर्शिता एवं बगैर नकल के संपन्न हो रही हैं या नहीं।

### बोर्ड परीक्षाएं खास-खास

| | |
|---|---|
| जिले में कुल परीक्षा केंद्र | 63 |
| संवेदनशील | 08 |
| अति-संवेदनशील | 05 |
| 10वीं में परीक्षार्थी | 20019 |
| 12वीं में परीक्षार्थी | 14847 |
| 10वीं में नियमित परीक्षार्थी | 18850 |
| 10वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी | 1169 |
| 12वीं में नियमित परीक्षार्थी | 13609 |
| 12वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी | 1238 |

### इनका कहना है...

माध्यमिक शिक्षा मंडल से निर्देश मिले हैं कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ईमानदारी की पेटी रखी जाए। अगर कोई परीक्षार्थी नकल पर्ची लाता है तो परीक्षा आरंभ होने के पूर्व इस पेटी में नकल पर्ची डाल सकता है। उसका नकल प्रकरण नहीं बनेगा।

**महेश गुप्ता**, सहा. नोडल, परीक्षाएं, राजगढ़

### महिला का साथ देने वाले युवक पर भी दर्ज हुआ मुकदमा

# रिटायर्ड कर्मचारी को ब्लैकमेल करने वाली महिला पर एफआईआर कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी से पहले दोस्ती और बाद में रुपयों के लिए ब्लेकमेल करने वाली एक महिला और युवक पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। संबंधित महिला कई तरह से दबाव बनाकर अब तक फरियादी से करीब 7 लाख रुपए ऐंठ चुकी थी। इसके बाद भी पेंशन में नाम जुड़वाने एवं रुपयों की मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी को लगातार परेशान किया जा रहा था।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस ने बताया कि मूल रूप से सीहोर निवासी स्वास्थ्य विभाग में बतौर ड्राईवर के रूप में पदस्थ(अब सेवानिवृत्त) एक व्यक्ति से विभाग में ही केयर टेकर के रूप में कार्यरत सुमन नाम की महिला ने पहले दोस्ती की। जान-पहचान बढ़ने पर दोनों ने एक मंदिर में शादी की। बाद में विवाह प्रमाण-पत्र भी बनवाया। एक अन्य युवक बंटी ने जबरन विवाह प्रमाण-पत्र पर कर्मचारी के हस्ताक्षर भी करवा लिए। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी के कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी महिला ने बनाए और अब उन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए वो उनसे रुपयों की मांग करने लगी। धीरे-धीरे महिला ने करीब 7 लाख रुपए उनसे ऐंठ लिए। इसके बाद भी लगतार रुपयों की मांग और रुपए न देने पर बलात्कार के केस में फंसाने की धमकियां दी जा रही थीं। धमकियों और रुपयों की मांग से परेशान रिटायर्ड कर्मचारी ने अंततः हिम्मत जुटाते हुए कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने शिकायत की जांच उपरान्त सुमन और बंटी पर बीएनएस की धारा 308(7), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# संत रविदास जयंती पर नगर में निकली कलश और शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अहिरवार समाज के तत्वावधान में संत रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कलश एवं शोभायात्रा की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित संत रविदास मंदिर से बैंड-बाजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ हुई। यात्रा इंदौर नाका, पुराना बस स्टैंड, एबी रोड थाना, महात्मा फुले चैराहा, बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चैराहा, नेहरू दरवाजा रोड, टेंशन चैराहा, मुखर्जी चैक, महाकाल चैराहा, गांधी चैक, कन्याशाला स्कूल होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर के सामने स्थित संत रविदास मंदिर पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### पार्षद ने दोबारा करवाया 4 इंच का बेयरिंग कोर्स

# सुदर्शन नगर की लाखों से बनी सीसी सड़क एक माह में उखड़ी





सुदर्शन नगर में साठगांठ से घटिया निर्माण

**इंजीनियर गए छुट्टी पर, ठेकेदार ने डस्ट डालकर किया सड़क निर्माण**

सारंगपुर। सुदर्शन नगर वार्ड 16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैथे चरण के तहत 64 लाख 33 हजार रुपए की लागत से बन रही सीसी सड़क भगवान भरोसे बन रही सड़क का कार्य अंतिम चरण में लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया अंततः मोहल्ले वाले ने घटिया कार्य की शिकायत एसडीएम को लिखित में की लेकिन गंभीर अनियमितताएँ नहीं थमी स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसे देखनेंदृसुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता। नागरिकों के अनुसार सड़क में डाली जा रही गिट्टी पूरी तरह डस्ट मिश्रित है, जिससे सीसी की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, रेत का उपयोग भी निर्धारित मानकों से काफी कम किया जा रहा है। तथा बालू रेत का तो उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि जब-जब सड़क निर्माण में घटिया काम पकड़ा गया, तब नगर पालिका इंजीनियर मौके से गायब रहे या लंबे अवकाश पर चले गए, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए सड़क बना डाली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सुदर्शन नगर क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क एक माह के भीतर ही उखड़ने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि 6 दिसंबर 2025 को हरिभूमि में प्रकाशित खबर में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और इंजीनियरों की लापरवाही का आरोप लगाया गया था। अब एक माह बाद आज के हालात और मौके से सामने आए फोटो उस खबर की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत वार्ड 16 क्षेत्र में बनी यह सीसी सड़क शुरू से ही सवालों के घेरे में थी। सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ गई, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी होने लगी।

रहवासियों की शिकायत के बाद मामले को लेकर नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों पर दबाव बढ़ा। बताया जा रहा है कि सड़क की खराब हालत को देखते हुए पार्षद कमल शर्मा द्वारा हस्तक्षेप करते हुए पुनः करीब 4 इंच का बेयरिंग कोर्स डलवाया गया। हालांकि नागरिकों का कहना है कि यदि पहले ही गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाता तो दोबारा काम कराने की नौबत नहीं आती। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के समय न तो तय मात्रा में सीमेंट और गिट्टी का उपयोग किया गया और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर रहकर निरीक्षण किया। यही कारण है कि सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई।

### बोले जिम्मेदार...

गुणवत्ता विहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, कार्य घटिया किया गया तो बार बार कार्य करवाया जाएगा, मौके पर मौजूद नहीं रहने पर इंजीनियर पर कार्यवाही की जाएगी।

**ज्योति सुनेरे**, सीएमओ सारंगपुर

### ग्रामीण व नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य व राजस्व सुविधाओं का मिलेगा लाभ

# विधायक ने किया 22 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर/ तलेन

नगर कुरावर एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए रविवार का दिन विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कुरावर में कुल 7 करोड़ 97 एवं तलेन में 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार रूपये की लागत से निर्मित व प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगरवासियों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मिली, वहीं किसानों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए नवीन व सुव्यवस्थित तहसील टप्पा कार्यालय की सुविधा प्राप्त हुई।

विधायक मोहन शर्मा ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नत कर बनाए गए 30 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर 5 करोड़ 73 लाख 81 हजार रुपये की लागत आई है। उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि अब नगर कुरावर सहित राजगढ़, सीहोर एवं शाजापुर जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इसी क्रम में विधायक मोहन शर्मा ने नगर में श्रीकृष्ण गौशाला के सामने नवनिर्मित उप तहसील (तहसील टप्पा) कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। कुल 7 करोड़ 97 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी।

### सामुदायिक अस्पताल का विधायक ने किया भूमि पूजन

नगर तलेन मे आज 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोकि 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार रूपये की लागत से बनकर तैयार होगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कई वर्षो से लटका हुआ था, आखिर कार आज इस बहुप्रतिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलेन का भूमि पूजन पचोर रोड़ पर मंडी प्रांगण के पास क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा दादा के कर कमलो द्वारा किया गया,, क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा दादा द्वारा तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपूजन के अतिरिक्त तलेन मंडल के बारवा खुर्रम पंचायत सामुदायिक भवन और पुलिया, चोमा पंचायत मे सामुदायिक भवन, अमलार पंचायत मे सामुदायिक भवन, बेजड़ मे सामुदायिक भवन, बुचा खेड़ी मे सिसी रोड़, जंगीबढ़ मे सीसी रोड़ और सामुदायिक भवन का भी भूमिपुजन किया गया, बताते चले की तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपुजन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के साथ, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर कैलाश वैष्णव और नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव,भाजपा के पदाधिकारीगण,मौजूद रहे.इस कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री अजबसिंह वंशकार ने किया और आभार महामंत्री राधेश्याम पाटीदार ने व्यक्त किया।

# घर की छत के समान होते हैं बुजुर्गजन : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से मूल्यों में लगातार गिरावट आ रही है। लेकिन, हमें पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहते हुए बुजुर्गों की तरफ ध्यान देना होगा क्योंकि वे ही हमारे घर की छत के समान होते हैं। उक्त बात गौरवपूर्ण वृद्धावस्था के संबंध में प्रजापिता ब्रहाकुरीज संस्था द्वारा स्थानीय पारायण चैक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने कही। डिप्टी कलेक्टर ज्योति बागबेया ने कार्यक्रम की थीम स्पष्ट करते हुए बताया कि यह संगम आयोजन वरिष्ठजनों द्वारा समाज को दिए अपने अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान है। इसके माध्यम से युवाओं एवं बुजुर्गों के प्रति समन्वय बिठाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुमित्रा दीदी ने अपने उद्बोधन में बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि आप वृद्ध नहीं लेकिन उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त करने वाले अनुभवों की खान है। आपका आशीष और छत्रछाया परिवार और समाज को सदैव मार्गदर्शित करती रहेंगी।

### बुजुर्गजनों के सम्मान की दिलवाई शपथ

अंत में जिपं के एसीईओ अर्पित गुप्ता ने बुजुर्गों का सम्मान और सदैव देखभाल करने की शपथ उपस्थितजनों को दिलवाई। इसके साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का लिक, पुष्प, डुपट्टा, ताज व ईश्वरीय उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही प्रेरणादाई लघु नाटिका की प्रस्तुति एवं एक नृत्य की प्रस्तुति भी कार्यक्रम के दौरान हुई। इस अवसर पर संस्था की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रोग्रेसिव पेंशन संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश नागर, समाजसेवी राजेंद्र जोशी काका सहित अन्य उपस्थित थे।

# अभिभाषक संघ का गरिमामयी शपथ विधि समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

कोर्ट परिसर में शनिवार शाम आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को न्यायाधीशों की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई, मीनू पचैरी एवं एसडीएम सुशील कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिला जज द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में न्यायालय की गरिमा बनाए रखने, निष्पक्षता एवं समाज को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अभिभाषक संघ द्वारा सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा वरिष्ठ अभिभाषकों का सम्मान किया। पुष्पवर्षा से अभिनंदन भी किया गया।

### सवर्ण समाज ने निकाली जन-रैली, आधे दिन बाजार बंद रखकर किया समर्थन

# यूजीसी की नई गाइड लाइनों के विरोध में रहा ब्यावरा बंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइड लाइनों के खिलाफ सवर्ण समाज का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सवर्ण समाज के आह्वान पर ब्यावरा नगर में विरोध स्वरूप बाजार बंद रखा गया।

इस दौरान सवर्ण समाज के लोगों ने शहर में रैली निकालकर सरकार और यूजीसी के निर्णय के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। सुबह सवर्ण समाज के लोग बड़ी संख्या में वैष्णो देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां से यूजीसी की नई गाइड लाइनों को छात्र, शिक्षक और शिक्षा विरोधी बताते हुए हाथों में तख्तियां लेकर रैली की शुरुआत की गई। रैली वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पीपल चैराहा, मुख्य बाजार, जगात चैक, अहिंसा द्वार, इंदौर नाका सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और पुनः पीपल चैराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि केंद्र सरकार और यूजीसी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जो समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं और विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह नियम अकादमिक स्वतंत्रता को समाप्त करने और विश्वविद्यालयों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास है।

### आधे दिन तक बंद रहा बाजार

सवर्ण समाज द्वारा एक फरवरी को सुबह से दोपहर ,1 बजे तक बाजार बंद रखने का आह्वान किया गया था, जिसका शहर के व्यापारियों ने व्यापक समर्थन किया। सुबह से ही मुख्य बाजार, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी सहित अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद नजर आए। कुछ स्थानों पर जो दुकानें खुली हुई थीं, उन्हें समाज के लोगों ने समझाइश देकर बंद कराया।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

रैली के समापन पर पीपल चैराहे पर सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक संयुक्त ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने एवं उन्हें वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नई गाइड लाइनों के कारण देशभर के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों के बीच गहरी असुरक्षा, भय और असंतोष का वातावरण बन गया है। यह विषय केवल एक प्रशासनिक निर्णय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संविधान प्रदत्त अधिकारों, प्राकृतिक न्याय, अकादमिक स्वतंत्रता और राष्ट्र के बौद्धिक भविष्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

### यह रखी गई प्रमुख मांगें

ज्ञापन के माध्यम से रखे रही कि यूजीसी की नई गाइड लाइनों पर तत्काल रोक लगाकर उन्हें पूरी तरह वापस लिया जाए। इन गाइड लाइनों को स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति एवं संसदीय समिति के समक्ष पुनरीक्षण हेतु भेजा जाए। शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाए। झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर सख्त दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। देश के विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता, गरिमा एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाए। सवर्ण समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।